भागीरथी बाल शिक्षा सदन सैकण्डरी स्कूल
कक्षा — IX
विषय — हिन्दी (व्याकरण)
सत्र — 2020-21

उपसर्ग

प्रश्न-1 शब्द विचार के अनुसार शब्द रचना का परिचय कैसे करते हैं?

उत्तर :- शब्द-भंडार में अनेक प्रकार के शब्दों का प्रयोग किया गया है। परन्तु फिर भी आपके मन में प्रश्न उठता होगा कि सीमित वर्णों से आखिर इतने शब्द बनते कैसे हैं? तो शब्दों की रचना का भी अपना एक तरीका है। कुछ मूल शब्द होते हैं, इन्हीं में हम कुछ शब्दांशों को मूल शब्दों के साथ जोड़कर अनेक नए शब्द बना लेते हैं। जैसे — धर्म शब्द है। इसमें हम जोड़ते हैं —

अ + धर्म = अधर्म

प्रश्न-2 भाषा में कितने तरह के शब्द होते हैं?

उत्तर :- भाषा में दो तरह के शब्द होते हैं।

(I) मूल शब्द (II) रचित / निर्मित शब्द

प्रश्न :3 मूल शब्द किन्हें कहते हैं?

उत्तर :- वह शब्द जिनका कुछ न कुछ अर्थ निकलता है उन्हें हम मूल शब्द कहते हैं। जैसे :- धर्म, वीरता आदि।

प्रश्न :4 रचित / निर्मित शब्द किन्हें कहते हैं?

उत्तर :- ये शब्द मुख्यतः उपसर्ग और प्रत्यय के योग से बनते हैं: जैसे :- वीर + ता = वीरता

इसमें — वीर (मूल शब्द) ता (प्रत्यय) है।

प्रश्न : 5 शब्दांश किन्हें कहते हैं?

उत्तर :- किसी शब्द का छोटा सा हिस्सा जो दूसरे शब्द में अर्थात मूल शब्द में लगकर उसका अर्थ बदल देता है।

Scanned with CamScanner

प्रश्न - 6 उपसर्ग से आप क्या समझते है?

उत्तर :- वे शब्दांश जो मूल शब्द के पूर्व जुड़कर उनके अर्थ में परिवर्तन ला देते हैं, उपसर्ग कहलाते हैं।
जैसे :- 'हार' में 'आ' आगे लगाकर उसका अर्थ बदल रहा है।

आ + हार = आहार

प्रश्न - 7 उपसर्ग कितने प्रकार के होते हैं?

उत्तर :- उपसर्ग तीन प्रकार के होते हैं :- (1) संस्कृत के उपसर्ग (2) हिन्दी के उपसर्ग (3) विदेशी उपसर्ग

प्रश्न - 8 संस्कृत के उपसर्ग के विषय में समझाइए?

उत्तर :- ये उपसर्ग संस्कृत भाषा से लिए जाते हैं, और संस्कृत शब्दों के आगे ही लगाए जाते हैं। जैसे :-

उपसर्ग	अर्थ	शब्द
अ	नहीं, अभाव	अज्ञान, अधर्म, अकाल
अति	अधिक	अत्याचार, अतिरिक्त
कु	बुरा	कुमति, कुपुत्र
उप	छोटा, अच्छा	उपचार, उपवन

प्रश्न - 9 - हिन्दी के उपसर्ग से आप क्या समझते हैं?

उत्तर :- ये उपसर्ग हिन्दी भाषा से लिए जाते हैं, और हिन्दी शब्दों के आगे ही लगाए जाते हैं।

Scanned with CamScanner

प्रश्न 10- हिन्दी उपसर्गों के अर्थ और शब्दों को समझाइए ?

उपसर्ग	अर्थ	शब्द
अ	अभाव	अमर , अशांति
अध	आधा	अधमरा , अधपका
भर	पूरा	भरपेट , भरसक
कु	बुरा	कुपूत , कुढंग

प्रश्न 11- विदेशी उपसर्गों से आप क्या समझते हैं ? विदेशी उपसर्गों में कौन- कौन सी भाषा के उपसर्ग आते है ?

उत्तर! - ऐसे उपसर्ग जो विदेशी भाषाओं से लिए जाते हैं, उन्हें विदेशी उपसर्ग कहते हैं। विदेशी उपसर्गों में उर्दू और अंग्रेजी भाषा के उपसर्ग आते हैं।

प्रश्न 12 !- उर्दू उपसर्ग से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर! - उर्दू भाषा के उपसर्ग उर्दू शब्दों में ही लगाए जाते हैं जैसे! -

उपसर्ग	अर्थ	शब्द
बे	बिना , रहित	बेईमान , बेकसूर
हम	साथ	हमराही , हमशक्ल
सर	मुख्य	सरकार , सरदार

प्रश्न 13- अंग्रेजी के उपसर्ग से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर ! - अंग्रेजी भाषा के उपसर्ग अंग्रेजी शब्दों के साथ ही लगाए जाते हैं।

उपसर्ग	अर्थ	शब्द
जनरल	प्रधान	जनरल मैनेजर , जनरल सैक्रेटरी
चीफ	प्रमुख	चीफ कमिश्नर , चीफ सैक्रेटरी
डिप्टी	सहायक	डिप्टी डारेक्टर , डिप्टी जनरल

Scanned with CamScanner

अभ्यास प्रश्न

प्रश्न क) क्या हम हिन्दी का उपसर्ग उर्दू भाषा में लगा सकते हैं?

प्रश्न ख) 'परिप्रश्न' शब्द में उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए।

प्रश्न ग) 'प्रतिशोध' में किस उपसर्ग का प्रयोग है?

प्रश्न घ) निम्नलिखित उपसर्गों से दो - दो शब्द बनाइए

अप , प्रति , गैर , नि , बिन , बद

प्रश्न ङ) निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग अलग करके लिखिए।

अनपढ़ , निहत्था , अविराम , चिरायु ,

दुर्दशा , पुनर्मिलन , अवलंब , प्रतिदिन

Scanned with CamScanner